कार्यालय–निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

क्रमांक: शिविरा/माध्य/मा-स/22418/शिविरा पंचाग/2018–19/214 दिनांक : 24.04.2019

–:: आदेश ::–

इस कार्यालय के समसंख्यक आदेश दिनांक : 15.04.2019 द्वारा कक्षा – 6,7,9 एवं 11 की वार्षिक परीक्षा परिणाम की घोषणा तथा प्राथमिक स्तर पर कक्षा 1 से 4 के विद्यार्थियों को रिपोर्ट कार्ड वितरण की तिथि वृहद बाल सभा आयोजन के साथ दिनांक : 09.05.2019 निर्धारित की गई थी । सार्वजनिक स्थल पर आयोज्य बाल सभा की भव्यता बनाए रखने के लिए उक्त निर्देशों में एतद् द्वारा संशोधन किया जाता है :–

1 कक्षा – 6,7,9 एवं 11 की वार्षिक परीक्षा परिणाम की घोषणा तथा प्राथमिक स्तर पर कक्षा 1 से 4 के विद्यार्थियों को रिपोर्ट कार्ड का वितरण दिनांक : 09.05.2019 के स्थान पर दिनांक : 08.05.2019 को विद्यालय परिसर में प्रार्थना सभा उपरान्त (कक्षावार परीक्षा परिणाम की घोषणा कक्षाध्यापकों द्वारा अभिभावकों एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति मे) किया जाएगा । कक्षावार घोषित परीक्षा परिणाम संबंधी चर्चा दिनांक 09.05.19 को आयोजित वृहद बाल सभा में ग्रामवासियों के साथ करेंगे ताकि विद्यार्थियों की शैक्षिक लब्धि एवं विद्यालय के समग्र परीक्षा परिणाम की अवगति समुदाय के साथ साझा की जा सके।

2 परीक्षा परिणाम की कक्षावार घोषणा के उपरान्त एस.डी.एम.सी. की साधारण सभा एवं अभिभावक–अध्यापक परिषद् की संयुक्त बैठक का आयोजन भी विद्यालय परिसर में आवश्यकतानुसार समय प्रबन्धन करते हुए किया जाएगा ।

3 सत्र : 2018–19 में विद्यार्थियों की उपस्थिति गणना बाबत् विभिन्न जिज्ञासाओं के कम में यह स्पष्ट किया जाता है कि कक्षा – 1 से 4 तक के विद्यार्थियों की उपस्थिति गणना तृतीय योगात्मक आकलन से पूर्व अन्तिम शिक्षण दिवस तक की जानी है। इसी प्रकार कक्षा – 6,7,9 एवं 11 में अध्ययनरत विद्यार्थियों की उपस्थिति गणना वार्षिक परीक्षा हेतु परीक्षा तैयारी अवकाश से पूर्व अन्तिम शिक्षण दिवस तक की जाए।

वृहद बाल सभा का आयोजन पूर्व प्रदत्त निर्देशानुरूप सार्वजनिक स्थल पर दिनांक : 09.05.2019 को नियत समय पर ही किया जाना सुनिश्चित करावें । परीक्षा परिणाम घोषणा दिवस को एस.डी.एम.सी. की साधारण सभा एवं अभिभावक–अध्यापक परिषद् की संयुक्त बैठक में उपस्थित होने वाले अभिभावकों की उपस्थिति बाल सभा में सुनिश्चित की जाने हेतु पुनः अनुरोध किया जावे ।

समस्त सम्बन्धितों द्वारा उपर्युक्तानुरूप क्रियान्विति/पालना सुनिश्चित की जाए।

(नथमल डिडेल)
आई.ए.एस.
निदेशक,माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर

प्रतिलिपि : निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. विशिष्ट सहायक, माननीय शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), राजस्थान सरकार, जयपुर ।
2. निजी सचिव,प्रमुख शासन सचिव, स्कूल शिक्षा एवं भाषा विभाग, राजस्थान, जयपुर।
3. आयुक्त, स्कूल शिक्षा एवं राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद सह विशिष्ट शासन सचिव, राजस्थान, जयपुर।
4. निदेशक, प्रारम्भिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर।
5. समस्त जिला कलक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी।
6. सचिव, माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर।
7. प्रधानाचार्य, राजकीय उच्च अध्ययन शिक्षा संस्थान,बीकानेर/अजमेर
8. निदेशक, राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्, उदयपुर।
9. समस्त संभागीय संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा।
10. समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा अभियान।
11. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) – माध्यमिक/प्रारम्भिक।
12. समस्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एवं ब्लॉक संदर्भ केन्द्र प्रभारी, समग्र शिक्षा अभियान।
13. प्रधानाचार्य,सादुल स्पोर्ट्स स्कूल, बीकानेर/ राजकीय शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय, जोधपुर ।
14. वरिष्ठ संपादक "शिविरा",प्रकाशन अनुभाग, कार्यालय हाजा को आगामी अंक में प्रकाशनार्थ।
15. सिस्टम एनालिस्ट, कम्प्यूटर अनुभाग, कार्यालय हाजा को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
16. स्टाफ ऑफिसर, कार्यालय हाजा।

उप निदेशक (माध्यमिक)